तापमान

अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, गुरुवार, 6 फरवरी 2025



14 रेलवे क्रॉसिंग और बिजली का कनेक्शन न होने से अटका






14 प्रयागराज के लिए हिसार से बस सेवा शुरू




## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल सहित दो लोग गिरफ्तार, केस दर्ज

**हिसार।** अवैध हथियार रखने वालों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अलग अलग जगह से दो व्यक्तियों को काबू करके दो अवैध पिस्तोल बरामद किए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस की एबीवीटी टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर ढाणी गारण जलघर से एक व्यक्ति को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम ढाणी गारण निवासी मनदीप कुमार बताया। तलाशी लेने पर मनदीप कुमार के कब्जे से 315 बोर का अवैध पिस्तोल बरामद हुआ। सीआईए टीम ने सिरसा हाइवे बगला रोड टी प्वाइंट से गांव असरावां निवासी सहदेव उर्फ बच्ची को काबू करके 32 बोर का अवैध पिस्तोल बरामद किया।

### 6.13 ग्राम हेरोइन सहित मोटरसाइकिल सवार काबू

**हिसार।** नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालों पर कार्रवाई करते हुए हिसार सदर पुलिस ने राजगढ़ हाइवे से गांव पीरावाली को जाने वाले कच्चे रास्ते से मोटरसाइकिल सवार को काबू कर 6.13 ग्राम हेरोइन बरामद किया है। पूछताछ में उसने अपना नाम भिवानी जिले के गुजरानी निवासी अजमेर उर्फ हलवा बताया। तलाशी लेने पर उक्त अजमेर उर्फ हलवा के कब्जे से एक पॉलिथीन की थैली से 6.13 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने हेरोइन और मोटरसाइकिल कब्जा में लेकर अजमेर उर्फ हलवा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### 8.04 ग्राम हेरोइन सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की नशा निरोधक टीम ने गांव पीरावाली से बगला पुल की तरफ पैदल जा रहे व्यक्ति को काबू कर 8.04 ग्राम हेरोइन बरामद की है। एएसआई चांदवीर ने बताया कि पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर पीरावाली से बगला पुल की तरफ पैदल जा रहे व्यक्ति को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम गांव पीरावाली वाली निवासी राजू बताया। तलाशी लेने पर उक्त राजू के कब्जे से एक पॉलिथीन की थैली से 8.04 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### मुख्यमंत्री राहत कोष की समीक्षा बैठक आज

**हिसार।** मुख्यमंत्री राहत कोष की समीक्षा बारे 6 फरवरी को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर के जिला सभागार में होगी। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत विभिन्न प्रकार की 25 गंभीर बीमारियों से ग्रस्त नागरिकों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि बैठक में सरल पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों की समीक्षा की जाएगी।

### 17 हजार 903 व्यक्तियों की मलेरिया जांच की

**हिसार।** स्वास्थ्य विभाग मलेरिया रोग को लेकर सजग है। इसी कड़ी में पिछले महीने भी जिलेभर में एक खास अभियान चलाकर सैंपलिंग ली गई। उप-सिविल सर्जन एवं मलेरिया प्रभारी डॉ सुभाष खतरेजा ने बताया कि जनवरी माह के दौरान जिले में 17 हजार 903 व्यक्तियों की मलेरिया ब्लड स्लाइड बनाई गई। ब्लड स्लाइड की जांच के दौरान जिले में मलेरिया का कोई नया केस नहीं पाया गया हैं।

### सरेआम जुआ खेलते हुए चार व्यक्ति गिरफ्तार

**हांसी।** शहर हांसी पुलिस ने ताश के पत्तो द्वारा जुआ खेलते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने पकड़े गए चारों आरोपियों के पास से 3100 रुपये बरामद किए गए। पुलिस को सूचना मिली की अनाज मंडी के समीप कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों के साथ सरेआम जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंच भारत सिनेमा वाली गली निवासी सुमित, किला बाजार निवासी विक्की, जगदीश कॉलोनी राजकुमार व ढाणी केंदू निवासी नवीन को काबू कर उनके पास से ताश के पत्तों पर लगाए गए 3100 रुपये बरामद किए।

### लड़ाकू विमान की तेज आवाज से गूंजा फिरोजा नगरी का आसमान

# हिसार में एयरपोर्ट पर पहली बार उतरे वायुसेना के लड़ाकू विमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट हिसार पर भारतीय वायुसेना का प्रशिक्षण शुरू

महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट हिसार पर भारतीय वायुसेना का प्रशिक्षण शुरू हो चुका है। बुधवार को हिसार एयरपोर्ट पर वायुसेना के लड़ाकू विमान उतरे। फिरोजा नगरी का आसमान लड़ाकू विमान की तेज आवाज से गूंजा उठा। लड़ाकू विमानों ने एयरपोर्ट की 10 हजार फीट लंबी नई हवाई पट्टी पर ट्रायल किया। बुधवार की दोपहर एक बजकर 10 मिनट पर तेज आवाज के साथ दो लड़ाकू विमान हिसार के आसमान के दिखाई दिए। करीब 10 मिनट तक दोनों लड़ाकू विमान हिसार और आसपास के एरिया में उड़ान भरते रहे और बाद में हिसार एयरपोर्ट की हवाई पट्टी पर उतर गए। इसके बाद सायं करीब 4 बजे लड़ाकू विमानों ने फिर से उड़ान भरी और आसमान का चक्कर लगाया। उधर, वायुसेना सेना के प्रशिक्षण कार्यक्रम के चलते हिसार एयरपोर्ट को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। एयरपोर्ट परिसर में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश को बैन कर दिया गया है। यहां तक की मीडिया को भी एयरपोर्ट से दूर रखा गया है। बता दें कि भारतीय वायुसेना के प्रशिक्षण कार्यक्रम की





**हिसार।** भारतीय वायुसेना के प्रशिक्षण कार्यक्रम के चलते आसमान में उड़ता लड़ाकू विमान व एयरपोर्ट पर खड़े भारतीय वायुसेना लड़ाकू विमान।

शुरुआत मंगलवार से हो गई थी, लेकिन पहला दिन प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियों में ही बीत गया। सूत्र बताते हैं कि प्रशिक्षण कार्यक्रम एक-दो दिन और चलेगा। भारतीय वायुसेना के 55 लोगों का दल हिसार एयरपोर्ट आया हुआ है। इनमें वायुसेना के करीब 18 पायलेट शामिल है। अधिकतर पायलेट सिरसा एयरफोर्स स्टेशन से हैं। वायुसेना के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सिरसा वायुसेना स्टेशन के ग्रुप कैप्टन रीतम कुमार लीड कर रहे हैं।

### लोगों में दिखा क्रेज

भारतीय वायुसेना के प्रशिक्षण कार्यक्रम को देखने को लेकर आम लोगों में बड़ा क्रेज देखने को मिला। लड़ाकू विमान की तेज आवाज और उनके हिसार एयरपोर्ट पर प्रशिक्षण करने की सूचना पर भारी संख्या में लोग एयरपोर्ट के आसपास पहुंच गए। एयरपोर्ट की चारदीवारी के पास लोग ऊंचे स्थानों या फिर वाहनों पर खड़े होकर लड़ाकू विमानों को हवाई पट्टी पर उड़ान भरते तथा लैंड करते हुए देखे गए। लोग लड़ाकू विमानों को अपने मोबाइल फोन में कैप्चर करते दिखाई दी। इस दौरान हर वर्ग खासकर स्कूली बच्चों में लड़ाकू विमान को देखने की बहुत ज्यादा उत्सुकता थी।

### नहीं मिला है लाइसेंस

हिसार एयरपोर्ट 7200 एकड़ में बन रहा है। हिसार अड्डे पर 10 हजार फीट की हवाई पट्टी का निर्माण किया गया है।

अब सिर्फ डीजीसीए से हिसार एयरपोर्ट को लाइसेंस मिलने का इंतजार है। उम्मीद है कि वर्ष की पहली तिमाही में लाइसेंस मिल जाएगा। लाइसेंस मिलते ही हिसार एयरपोर्ट से अयोद्धया, चंडीगढ़, अहमदाबाद, जयपुर व जम्मू के लिए उड़ानें शुरू हो जाएंगी। इसको लेकर एलाइंस एयर एविएशन लिमिटेड के साथ जुलाई माह में एमओयू भी हो चुका है। इसके अलावा हिसार एयरपोर्ट पर 37970 वर्ग मीटर क्षेत्र में नई टर्मिनल बिल्डिंग बनाई जा रही है। इसे 1000 यात्रियों की क्षमता के आधार पर बनाया जा रहा है। 3000 मीटर रनवे का कार्य पूरा हो चुका है। गत 28 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पेशल बोइंग विमान भी इस नए रनवे पर उतर चुका है। नए रनवे पर उतरने वाले हवाई जहाजों में पीएम मोदी का यह सबसे बड़ा जहाज था।




**हिसार।** भारतीय वायुसेना के प्रशिक्षण कार्यक्रम को देखते लोग।




### मंगाली आकलान सीएचसी में चिकित्सक स्टाफ ने लगाया कैंसर जांच शिविर

**हिसार।** विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में सीएचसी मंगाली के दंत चिकित्सक व स्टाफ द्वारा अनिता आंगनवाड़ी केन्द्र मंगाली आकलान में कैंसर जांच कैंप लगाया गया। कैंप में दंत चिकित्सक डॉ. चारू गुप्ता ने लोगों के मुंह की जांच की। डॉ. चारू ने बुधवार को आयोजित इस कैंप में बताया कि मुंह का कैंसर होने के कई कारण है। धूम्रपान व तम्बाकू उत्पादों का प्रयोग करने वालों में मौखिक कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। शराब के सेवन से बचना चाहिए और अपनी मुंह की साफ सफाई का ध्यान रखें, उचित खान-पान लें तथा शारीरिक स्वास्थ्य की देखभाल करने की सलाह दी। कैंप में नर्सिंग अफसर किरण ने लोगों के बीपी, शुगर की जांच की और महिलाओं को स्तन, सर्वाइकल कैंसर के बारे में अवगत कराया। इस मौके पर एएनएम शकुंतला, आशा वर्कर सुनीता, सुदेश हेल्पर व सोमवीर वार्ड सर्वेंट मौजूद था।

### बिना ओटीपी या ट्रांसफर किए साइकिल विक्रेता के दो खातों से निकले 2.77 लाख रुपये

**हांसी।** बिना ट्रांसफर किए तथा ओटीपी बताए एक साइकिल विक्रेता के पर्सनल व करंट अकाउंट से 2 लाख 77 हजार 800 रुपए निकाले जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में पीड़ित साइकिल विक्रेता द्वारा साइबर थाना पुलिस में शिकायत दी गई है। पुलिस ने पीड़ित साइकिल विक्रेता आर्य कन्या हाई स्कूल के समीप रहने वाले गीतांश की शिकायत के आधार पर धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गीतांश बताया कि हांसी शहर में मेरी साईकिल की दुकान है। तथा मेरा पर्सनल व दुकान का एचडीएफसी बैंक में अकाउंट है। गीतांश ने बताया कि 8 दिसंबर को मेरे सेविंग खाता से चार बार में क्रमशः 3800, 7000, 30000 व 50000 कुल 90800 रुपये युपीआई के माध्यम से कट गए ओर उसके बाद 9 दिसंबर को मेरी मैड फोक्स ट्रैडस के अकाउंट से भी चार बार में क्रमशः 38000, 50000, 50000 व 50000 रुपये कुल 1,88,000 हजार रुपये आईएमपीएस के माध्यम से निकाल लिए गए। गीतांश ने 9 दिसंबर को सुबह 9.57 बजे मेरे पास बैंक से काल आया कि आपके पर्सनल व करंट अकाउंट से रुपये ट्रांसफर हुए हैं। क्या यह रुपये आपने ट्रांसफर किए हैं या नहीं। गीतांश बताया कि मैंने फोन करने वाले व्यक्ति से कहा की मैने कोई रुपया ट्रांसफर नहीं किया है। उसके बाद बैंक वालों ने मेरा खाता बंद कर दिया। जब मैंने बैंक में जाकर पता किया तो बैंक मैनेजर ने कहा कि शायद आपका फोन क्लोन हुआ है। और उसके द्वारा आपके खातों से रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। गीतांश ने बताया कि मेरे को पता लगा कि मेरे साथ फ्रॉड हुआ है लेकिन मुझे नही मालूम कि कैसे हुआ है और किसी अनजान व्यक्ति ने मेरे दोनों खातों में से 2,77,800 रुपये का फ्रॉड कर दिया।

## मांगों का समाधान नहीं होने के विरोध में रोडवेज कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

रोडवेज डिपो महाप्रबंधक द्वारा कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किए जाने के विरोध में हरियाणा रोडवेज जागृति मंच ने दो घंटे के लिए सांकेतिक धरना देकर रोष प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता संगठन के डिपो प्रधान जितेंद्र शर्मा ने की जबकि संचालन डिपो साचिव सुरेंद्र जांगड़ा ने किया। डिपो प्रांगण में बुधवार को सुबह दो घंटे के धरने के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए डिपो प्रधान जितेंद्र शर्मा ने बताया कि संगठन द्वारा पिछले वर्ष 17 दिसंबर को कर्मचारियों की मांगों बारे डिपो महाप्रबंधक को 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा था। उन्होंने बताया कि मांग पत्र पर अभी तक डिपो महाप्रबंधक द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इससे कर्मचारियों में रोष है। धरना को राज्य प्रधान सुरेंद्र सिंह, राज्य महासचिव राजबीर सैनी, बलकार सिंह, संदीप खटकड़, नरेश सैनी, सुरेश सैनी, अभिषेक शर्मा, सुरेंद्र जांगड़ा आदि ने भी संबोधित किया।



**हिसार।** रोडवेज कर्मचारियों के धरने को संबोधित करते यूनियन पदाधिकारी।

## रावलवास में लगाई तकनीकी व मशीनरी प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग तथा नवीकरणीय एवं जैव ऊर्जा इंजीनियरिंग विभाग तथा प्रोसेसिंग व फूड इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत चल रही भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की कृषि उपकरण एवं मशीनरी, कृषि एवं कृषि आधारित उद्योगों में ऊर्जा परियोजना के तहत गांव रावलवास खुर्द के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में तकनीकी एवं मशीनरी प्रदर्शनी मेला-2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा मुख्य अतिथि जबकि सेवानिवृत अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि कृषि मशीनरी का प्रयोग कृषि क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ाने का एक प्रमुख साधन है। कृषि यंत्रीकरण का उपयोग करके किसान अपना उत्पादन बढ़ा सकते हैं। यंत्रीकरण खेती की कार्यशैली को और भी सुगम एवं तेज बनाता है, जिससे फसल उत्पादकता में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि तकनीकी एवं मशीनरी प्रदर्शनी मेला-2025 में कृषि मशीनीकरण के अंतर्गत छोटी जोत वाले किसानों के लिए मशीनों व तकनीकों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें किसानों के लिए छोटे ट्रैक्टर-इंजन चालित जुताई तथा निराई-गुड़ाई यंत्र, फसल अवशेष प्रबंधन के लिए उपयोगी मशीनें जैसे सुपर सीडर, मलचर व बेलर आदि यंत्रों को प्रदर्शित किया गया। इस मौके सह अधिष्ठाता (स्नातकोत्तर) डॉ. विजया रानी आदि उपस्थित रहे।



**हिसार।** मुख्यातिथि डॉ. एसके पाहुजा किसानों को सम्मानित करते हुए।

## बिजली इंजीनियरों ने नोटिस वापस लेने की उठाई मांग

- विद्युत सदन के सामने काले बैज लेकर गेट मीटिंग की, जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन (एचपीईए) ने अधिकारियों को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस वापस लेने, तीनों बिजली उपयोगिताओं को कार्यभार मानदंडों के अनुसार पुनर्गठित करने और अन्य मुद्दों को लेकर हिसार और पंचकूला में काले बैज के साथ विरोध गेट मीटिंग की। गेट मीटिंग में बड़ी संख्या में इंजीनियरों ने भाग लिया, जिससे इंजीनियरों में असंतोष दिखा। इस मौके पर एचपीईए के प्रदेश महासचिव रवींद्र घनघस ने कहा कि सभी इंजीनियरों के प्रयासों से एसडीओ सोनीपत का निलंबन आदेश वापस ले लिया गया है और उन्हें दूसरे सब डिवीजन में स्थानांतरित कर दिया गया है। एसोसिएशन ने आज एक बार फिर प्रबंध निदेशक यूएचबीवीएन को एक पत्र लिखा है, जिसमें इंजीनियरों के सामने आने वाले प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बैठक के लिए समय मांगा गया है। प्रबंधन ने एक माह बीत जाने के बाद भी कोई समय नहीं दिया है। उपाध्यक्ष बलजीत बेनीवाल ने कहा कि बिना किसी आधार के इंजीनियरों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जा रहे हैं, जिससे न केवल अधिकारियों की कार्यकुशलता प्रभावित हो रही है, बल्कि नकारात्मक माहौल भी बन रहा है, जो कार्य संस्कृति के लिए हानिकारक है।



**हिसार।** प्रदर्शन करते हरियाणा पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन के सदस्य।

## होली चाइल्ड ने जीता बास्केटबॉल टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की महिला टीम ने थर्ड बास्केटबॉल लीग टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवर ऑल विनर का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अंडर-14 और अंडर-17 की श्रेणियों में विद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विद्यालय लौटने पर विजयी टीम का भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने खेल प्रशिक्षक रामनिवास श्योकंद एवं सहायक खेल प्रशिक्षिका सुदेश के साथ सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। खेल प्रशिक्षक रामनिवास श्योकंद ने बताया कि दोनों टीमों ने अंडर-14 और अंडर-17 की ट्रॉफियां अपने नाम की। इस प्रतियोगिता में अंडर-14 श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार सिमरन को और अंडर-17 श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हर्षिता को मिला।



**हिसार।** विजेता टीम विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु, प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल, शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ।

समीक्षा | अधिकारियों ने डीसी के सामने रखी जलभराव संभावित क्षेत्रों पर रिपोर्ट

## डीसी ने दिए ड्रेनेज सिस्टम की समय पर सफाई के निर्देश

- मानसून से पूर्व की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की
- अधिकारियों को फील्ड में जाकर निरीक्षण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मानसून के मद्देनजर उपायुक्त अनीश यादव ने संबंधित विभागों को जिले में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग और नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की। बैठक के दौरान अधिकारियों ने जलभराव संभावित क्षेत्रों और जल निकासी से जुड़े संसाधनों की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि ड्रेनेज सिस्टम की समय पर सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या न हो। मानसून से पहले सभी नालों, सीवर लाइनों और जल निकासी बिंदुओं की सफाई का कार्य पूरा कर लिया जाए। उपायुक्त अनीश यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में जाकर निरीक्षण करें और आवश्यक सुधार कार्य तुरंत करवाएं। यदि कहीं जलभराव की समस्या बनी रहती है तो संबंधित विभाग तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने यह भी कहा कि आमजन को किसी भी असुविधा से बचाने के लिए प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह सतर्क और तैयार रहे।



**हिसार।** मानसून की तैयारियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में एसडीएम हांसी राजेश खोथ, नगर निगम संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल सिंह, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, जिला परिषद डिप्टी सीईओ कीर्ति सिरोहीवाल, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विमल कुमार बिश्नोई, एक्सईएन शशिकांत, एक्सईएन कंचन वर्मा, एक्सईएन बलकार रेड्डू, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ सुभाष चंद्र जांगड़ा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पटेल नगर मार्केट में चलाया स्वच्छता अभियान

**हिसार।** ब्राइट फ्यूचर एनजीओ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र बिड़लान ने अपनी टीम के साथ स्वच्छ नगर हो हमारा के तहत पटेल नगर मार्केट में सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर उनके साथ मार्केट एसोसिएशन के प्रधान वासुदेव शर्मा, मार्किट के सदस्य अश्विनी चुघ, महेंद्र कुमार 'जोनी' राजकुमार मदान, सुभाष ठकराल, नीलम ठकराल,जय भगवान, श्रवण गिरधर, सियानंद संजय लोट, बलराज चौहान, नरेश कुमार, ओम प्रकाश, सुनील कुमार, धर्मवीर सरपंच मदनलाल बिड़लान ने स्वयं झाड़ू लगाकर इस सफाई अभियान का शुभारंभ किया।



गुलियन-बैरी सिंड्रोम या जीबीएस एक न्यूरोलॉजिकल बीमारी है, जिससे महाराष्ट्र में कई लोग संक्रमित हो चुके हैं। इस बीमारी के होने के कारण, इसके लक्षण, इलाज और जरूरी सावधानियों के बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर के बहुत यूजफुल सजेशंस यहां दिए जा रहे हैं।

# गुलियन-बैरी सिंड्रोम बचाव के लिए सावधानी है जरूरी

**डॉक्टर एडवाइस**

डॉ. राजुल अग्रवाल
डायरेक्टर-न्यूरोलॉजी
श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली

पिछले कुछ दिनों में महाराष्ट्र में गुलियन बैरी सिंड्रोम के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। खासतौर पर पुणें में इसके कई मामले सामने आए हैं। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक इसके संक्रमण से सात लोगों की संदिग्ध मृत्यु हो चुकी है और 160 से अधिक लोग इससे बीमार हो चुके हैं। इन वजहों से इसको लेकर लोगों के मन में भय व्याप्त है। ऐसे में बिना डरे हुए आपको गुलियन बैरी सिंड्रोम के बारे में जानना-समझना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इससे बचाव के लिए गुलियन बैरी सिंड्रोम के लक्षणों पर ध्यान देना और समय रहते अस्पताल पहुंचना बहुत जरूरी है।

### क्या है जीबीएस

गुलियन-बैरी सिंड्रोम या जीबीएस एक गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी है, जिसमें नसों में



सूजन आने लगती है। यह बीमारी तब होती है, जब हमारा इम्यून सिस्टम नसों के ऊपर हमला करना शुरू कर देता है। इसमें कुछ समय बाद नसों में सूजन आने लगती है और शरीर के अन्य अंगों में कमजोरी के साथ दर्द भी होने लगता है। इसलिए आपको गुलियन-बैरी सिंड्रोम के लक्षणों पर ध्यान देना बहुत आवश्यक है और जरा भी संदेह होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

### लक्षणों पर रखें नजर

गुलियन-बैरी सिंड्रोम के लक्षणों की बात करें तो सबसे पहले हाथों और पैरों में कमजोरी आनी शुरू हो जाती है। हाथ और पैर सुन्न होने लगते हैं। हाथ-पैर को हिलाने में दिक्कत आने लगती है और यह कमजोरी तेजी से शरीर के अन्य अंगों में भी फैलती है। इसके अलावा रीढ़ की हड्डी में कमजोरी, छाती की मांसपेशियों में कमजोरी, सांस लेने में परेशानी होना, जैसे लक्षण दिखने लगते हैं। इसकी वजह से मरीज को पैरालिसिस यानी लकवा भी हो सकता है। इस बीमारी में कई बार मरीज को हाई बीपी या फिर हार्ट अटैक तक आने की



आशंका रहती है, जो घातक हो सकती है। इसलिए समय रहते लक्षणों पर ध्यान देना बहुत आवश्यक है।

### पॉसिबल ट्रीटमेंट

यह हमारी इम्यून सिस्टम से जुड़ी बीमारी है, इसलिए इसका कोई निश्चित इलाज नहीं है। लेकिन डॉक्टर दो तरह की थेरेपी से मरीज का इलाज करते हैं। इन दो तरह की थेरेपीज में प्लास्मफेरेसिस और आई.वी.आई.जी.आई थेरेपी के माध्यम से मरीज का इलाज किया जाता है। कुछ मामलों में प्लाजमा थेरेपी और इम्यूनोग्लोबिन थेरेपी की मदद से भी बीमारी पर नियंत्रण प्राप्त करने का प्रयास किया जाता है। इसलिए लक्षणों पर ध्यान देकर तुरंत अस्पताल पहुंचना बहुत जरूरी है और आपको कुछ सावधानियां भी बरतनी जरूरी हैं। तभी इससे बचाव संभव है।

### बरतें ये सावधानियां

- सबसे पहले तो आप जीबीएस के प्रमुख लक्षणों पर अवश्य ध्यान दें यदि शरीर की मांसपेशियों में कमजोरी लग रही है, झुनझुनी या सुन्नता महसूस होती है, तो इसमें जरा भी लापरवाही ना बरतें और तुरंत अस्पताल पहुंचे या फिर नजदीकी डॉक्टर से संपर्क करें।



- साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, हमेशा स्वच्छ पानी पिएं, जिन स्थानों पर यह संक्रमण फैला है, वहां से दूरी बनाएं।
- भोजन करने से पहले हाथों को अच्छी तरह से धो लें और सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें। *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स

**फिटनेस**

शिखर चंद जैन

वॉकिंग के बारे में तो हम सब जानते हैं। अपनी फिटनेस को लेकर कॉन्शस लोग अपने वर्कआउट रूटीन में वॉकिंग को शामिल भी जरूर करते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि इससे मिलती-जुलती एक एक्सरसाइज रकिंग, वॉकिंग से काफी अधिक फायदेमंद होती है? हम आपको बता रहे हैं, क्या होती है रकिंग, इससे होने वाले फायदे और इसे करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में।

# परफेक्ट-फिट बॉडी के लिए डेली करिए रकिंग







राजन अभी 40 प्लस का हुआ भी नहीं था कि उसने महसूस किया कि आजकल उसके पैरों में हल्की सूजन रहने लगी है। शरीर में हर वक्त थकान सी रहती है, थोड़ा सा चलते-फिरते ही सांस फूलने लगती है और धड़कन तेज हो जाती है। एक दिन अचानक वह चलते-चलते घर में ही गिर पड़ा। अस्पताल में चेकअप के दौरान पता चला कि उसे कंजेस्टिव हार्ट फेल्योर हुआ था। डॉक्टर ने इलाज के दौरान बताया कि उसे अपने जीवनशैली में परिवर्तन, शारीरिक सक्रियता और एक्सरसाइज के साथ-साथ डाइट में भी परिवर्तन करना होगा। बाद में फिटनेस एक्सपर्ट ने उसे अपनी कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ, बोन डेंसिटी मेंटेन करने, मसल्स की इलास्टिसिटी और स्ट्रेंथ के लिए रकिंग यानी बैक-पैक वॉकिंग करने की सलाह दी। इससे उसे काफी फायदा हुआ। फिजिकल एक्टिविटी और वेट लिफ्टिंग की प्रैक्टिस ने न केवल उसका बॉडी वेट सही मेंटेन किया बल्कि कंजेस्टिव हार्ट फेल्योर की कंडीशन को बहुत हद तक रिवर्स भी किया। इतना ही नहीं अब उसे मेंटल स्ट्रेंथ भी महसूस होती है।

### क्या होती है रकिंग

रकिंग की शुरुआत आर्मी ट्रेनिंग से हुई है, जिसमें 'रक' या 'रकसैक' शब्द का अर्थ है बैक-पैक। प्रथम विश्व युद्ध से पहले, सैनिक अपना सारा सामान और कपड़े, डंडों से बने बंडलों में ढोते थे। 20वीं सदी की शुरुआत में, सैनिकों ने रकसैक में अपनी पीठ पर सामान ढोने का प्रशिक्षण लिया। अब इसी की तर्ज पर रकिंग इन दिनों ट्रेंड में है। फिटनेस एक्सपर्ट्स के साथ-साथ वेलनेस गुरु भी इसे सजेस्ट कर रहे हैं क्योंकि यह फिजिकल के साथ मेंटल हेल्थ को भी फायदा पहुंचाती है। इसमें आपको पीठ पर बैग लादकर वॉक करना होता है।

### ईजी होती है एक्सरसाइज

बैक-पैक वॉकिंग यानी रकिंग कोई टफ एक्सरसाइज नहीं होती है। आप वॉक कर सकते हैं तो आप रक भी कर सकते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि आप अपनी लाइफ में डेली रुटीन को बाधित किए बिना रकिंग कर सकते हैं। इसमें केवल आपको अपना सामान भरा बैक-पैक लेकर वॉक करना है। आप अपने बैक-पैक के साथ ग्रॉसरी स्टोर जाएं या सब्जी लेने जाएं या फिर अपने ऑफिस जा सकते हैं।

### रकिंग के फायदे हैं कई

अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कांसीन मिलवॉकी में रिहैबिलिटेशन साइंसेज की प्रोफेसर जेनिफर अर्ल बोयम कहती हैं, 'रकिंग से आपकी स्ट्रेंथ और स्टेमिना बढ़ती है। मस्कुलर इलास्टिसिटी और मजबूती भी बढ़ती है। इससे आपकी आउटडोर फिजिकल एक्टिविटी तो होती ही है, ब्रेन एक्टिविटी भी बढ़ती है। यह मेंटल हेल्थ, स्लीप और ब्लड प्रेशर के लिए भी फायदेमंद है। इस एक्सरसाइज के लिए न तो आपको अलग से कोई उपकरण खरीदना है न कोई एक्स्ट्रा खर्च करना होता है।'

### धीरे-धीरे बढ़ाएं बैक-पैक का वेट

रकिंग करने के लिए आप घर से कोई भी सामान अपने बैक-पैक में रख सकते हैं। यह सामान किताबें, पानी की बोतल आपका लैपटॉप कुछ भी हो सकता है या फिर ग्रॉसरी स्टोर से खरीदा गया सामान भी हो सकता है। हां, इसका वजन इतना ही हो जितना आप आसानी से उठा पाएं। धीरे-धीरे अभ्यास के मुताबिक आप इस वजन को बढ़ा भी सकते हैं।



### इंप्रूव होता है बॉडी पोश्चर

फिजिकल थेरेपिस्ट लारा हेइमैन कहती हैं कि रकिंग से आपके पॉश्चर, बॉडी बैलेंस और स्टेबिलिटी में भी सुधार होता है। रकिंग आपकी पीठ को मजबूत बनाती है, जिससे आपको थोड़ा सीधा खड़े होने में भी मदद मिल सकती है। जब आप बैक-पैक पहनते हैं, तो आपकी ऊपरी ट्रेपेजियस मांसपेशियों, कंधों और ऊपरी पीठ की मांसपेशियों को सक्रिय होना पड़ता है। यह उन लोगों के लिए वास्तव में मददगार हो सकता है, जिनकी ऊपरी पीठ की मांसपेशियां कमजोर हैं और पॉश्चर खराब है। अगर आप डेस्क जॉब करते हैं तो आपको रकिंग के लाभ बहुत जल्दी दिखने लगेंगे। आपकी पीठ पर बंधा हुआ सारा वजन सिर्फ आपके ऊपरी शरीर को एक्टिव नहीं करता, यह आपके पैरों और कोर को भी एक्टिव कर देता है। जब आपकी पीठ पर वजन पड़ता है तो यह आपके कोर को भी सक्रिय करते हैं, जो आपके शरीर को स्थिर करने का काम करता है, जिससे यह पूरे शरीर की कसरत बन जाती है। *

### बरतें सावधानियां



**रकिंग करने** वालों को लारा हेइमैन सुझाव देती हैं कि सबसे पहले आप इस बारे में सोचें कि आप बिना वजन के कितनी देर तक चल सकते हैं? अपने रक्स के लिए उस समय को आधा कर दें। उदाहरण के लिए, अगर आप आराम से 30 मिनट तक चल सकते हैं तो 15 मिनट के लिए रक्स करने का प्रयास करें। हेइमैन कहती हैं कि जैसे-जैसे आपकी भुजाओं, कंधों, कूल्हों और पीठ की मांसपेशियां मजबूत होती जाएंगी। इससे आप धीरे-धीरे अपने रक्स का भार, दूरी और ऊंचाई बढ़ा सकते हैं। हेइमैन एक ऐसा बैग चुनने की सलाह देती हैं, जिसमें छाती और कमर दोनों के लिए पट्टा यानी स्ट्रैप हो ताकि बैग का वजन आपके ऊपरी शरीर पर समान रूप से पड़े। यह एक लाइफ जैकेट की तरह फिट होना चाहिए।

**घरेलू औषधि / रेखा देशराज**

# पाचन रखे दुरुस्त इसबगोल की भूसी



इसबगोल या साइलियम हस्क एक प्राकृतिक औषधि है, जो प्लांटागो ओवाटा नामक पौधे के बीज से हासिल होती है। इस बीज का बाहरी हिस्सा जिसे भूसी कहते हैं, दरअसल यही इसबगोल की भूसी होती है, जिसे आमतौर पर पेट की विभिन्न समस्याओं के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह भूसी फाइबर का बहुत समृद्ध स्रोत होती है। इसबगोल का उपयोग पाचन से संबंधित समस्याओं के लिए भारत में हजारों साल से हो रहा है। इसबगोल को आयुर्वेदिक और प्राकृतिक चिकित्सा में चमत्कारिक जड़ी के रूप में जाना जाता है। आयुर्वेदिक ग्रंथों में भी इसका उल्लेख मिलता है। भारत में इसबगोल का इस्तेमाल सदियों से होता रहा है और प्राचीनकाल से ही इसबगोल की दुनिया के दूसरे देशों में भी काफी मांग रही है, इसलिए राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में बड़े पैमाने पर इसकी खेती होती है। भारत इसबगोल का दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक है। यह एक तरह की घुलनशील फाइबर है, जो आंतों, हृदय और समूचे पेट के स्वास्थ्य के लिए रामबाण मानी जाती है। इसबगोल की भूसी को पावडर, दानों या कैप्सूल के रूप में भी लिया जा सकता है।

**सेवन से होने वाले फायदेः** इसबगोल विशेषकर अपने भरपूर फाइबर और पाचन सुधारक गुणों के कारण पूरी दुनिया में मशहूर है।

- यह कब्ज, दस्त और गैस की समस्या को दूर करती है।
- यह ब्लड शुगर लेबल को नियंत्रित करती है।
- बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करती है और गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाती है।
- दिल के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।
- यह एसिडिटी से बचाती है।
- यह आंतों की दीवारों को मजबूत करती है। साथ ही यह इरिटेबल बाउल सिंड्रोम के लक्षणों को कम करती है।
- यह पानी को सोख लेती है, जिससे मल नरम हो जाता है और पेट साफ रहता है।
- यह हल्का और ठंडक प्रदान करने वाला है, साथ ही यह पित्त, वात और कफ के असंतुलन को ठीक करता है। *

**हेल्थ सजेशन**

रेखा

क्या आपको पता है सोने का सही ढंग क्या है? किन मुद्राओं में सोना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है? जमीन में सोना सही होता है या पलंग पर? इनके जवाब जानकर आप सोने का सही तरीका जान लेंगे और इससे स्वस्थ रहेंगे।

# स्वास्थ्य को सुधारता है सोने का सही तरीका



सोने के सही तरीके से भी स्वस्थ रहा जा सकता है? क्या सही तरीके से सोना अच्छे स्वास्थ्य की गारंटी है? इन दोनों सवालों का जवाब है, हां। विशेषज्ञ कहते हैं कि अच्छी नींद लेना स्वस्थ रहने का विज्ञान है।

**सही ढंग से सोने के फायदेः** विशेषज्ञ सोने के तौर तरीकों पर लंबी जांच पड़ताल के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि सोने का सही तरीका और आदतें न केवल हमारी नींद की गुणवत्ता बढ़ाती हैं बल्कि ये हमारे समग्र स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डालती हैं। सही तरीके से सोना शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की गारंटी है। सही तरीके से सोने में ही वो सारी गतिविधियां सुचारु रूप से संपन्न होती हैं, जो हमारे सोते समय हमारा शरीर करता है। अगर हम सही तरीके से सोते हैं तो सही ढंग से हमारी मांसपेशियों की मरम्मत होती है। सही ढंग से रिकवरी होती है, सही ढंग से सोने पर हमारे शरीर की कोशिकाएं ज्यादा स्वस्थ और सक्रिय रहती हैं। इन सब बातों का समग्रता में हमारी सेहत पर सकारात्मक असर पड़ता है। इसलिए सही तरीके से सोना अच्छे स्वास्थ्य की गारंटी है।

**क्या है सोने का सही तरीकाः** सोने की सही मुद्रा हमारी रीढ़ की हड्डी को प्राकृतिक अवस्था में बनाए रखती है, जो कि हमारे सेहतमंद रहने का एक बड़ा आधार होती है। रीढ़ की हड्डी अगर प्राकृतिक अवस्था में रहती है, तो इससे हमारा शरीर तनावमुक्त रहता है। सही ढंग से सोने के तरीके में इस बात का भी महत्व होता है कि हम जिन गद्दों और तकियों के साथ सोते हैं, वो कैसे हैं? सोने के लिए ऐसा गद्दा होना चाहिए, जो न ज्यादा सख्त हो और न ही बहुत मुलायम। साथ ही तकिया गर्दन और रीढ़ की सीध में होना चाहिए। अब जानते हैं सोने की सही मुद्राओं के बारे में।

**बाईं करवट सोनाः** विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हम बाईं करवट सोते हैं तो यह हमारे पाचनतंत्र के लिए बहुत लाभकारी होता है। इस मुद्रा में सोने से एसिडिटी कम होती है। रक्तप्रवाह में सुधार होता है। गर्भवती महिलाओं को तो विशेषकर बाईं करवट ही सोना चाहिए।

**दाईं करवट सोनाः** सोने की यह भी मुद्रा आरामदायक है, लेकिन अगर लंबे समय तक दाईं करवट पर सोया जाए तो पेट और दिल के बीच दबाव बढ़ सकता है। इसलिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ दाईं करवट सोने को सही नहीं मानते। जिन्हें दिल की बीमारी हो उन्हें तो खासतौर पर दाईं करवट सोने से बचना चाहिए।

**जमीन पर या पलंग परः** जमीन पर सोना रीढ़ को सीधा रखने में मददगार होता है। यह शरीर को बेहतर समर्थन देता है। लेकिन इसमें एक समस्या रहती है, खासतौर पर सर्दियों में जमीन पर सोने से सर्दी लग जाती है और जोड़ों में दर्द जैसी समस्या पैदा हो जाती है। यदि लकड़ी का सख्त पलंग है तो सोने के लिए वह भी सही रहता है। बस सोने का सही गद्दा होना जरूरी है ताकि वह शरीर को सपोर्ट भी दे और आरामदायक भी रहे। अगर ये दोनों बातें हैं तो लकड़ी के पलंग पर सोना ही बेहतर विकल्प है।

**कैसे कपड़े पहन कर सोएंः** निश्चित रूप से आरामदायक और ढीले कपड़े पहन कर सोना चाहिए। यह बेहतर नींद और स्वास्थ्य के लिए अच्छा विकल्प है। यह भी ध्यान रखें कि रात में सूती कपड़े पहन कर ही सोएं। कपड़े बहुत फिट भी नहीं होने चाहिए। इससे त्वचा और रक्त प्रवाह में बाधा पड़ती है, जो कि हमारे स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है। *

### पीठ के बल सोना



**पीठ के** बल सोने से रीढ़ और गर्दन सीधी रहती है। त्वचा पर झुर्रियां कम पड़ती हैं। लेकिन जिन्हें 'स्लीप एपनिया' की बीमारी हो, उन्हें इस मुद्रा में सोने से बचना चाहिए।

अगर आप बदलते मौसम में मांसपेशियों में होने वाले दर्द से परेशान रहते हैं तो आपको डेली कुंभकासन का अभ्यास करना चाहिए। इससे आपकी मांसपेशियां मजबूत बनती हैं और कई तरह के दर्द से राहत भी मिलती है। इसकी विधि और सावधानियों के बारे में जानिए।

# मांसपेशियों को मजबूती प्रदान करे कुंभकासन

**योगोपचार / दिव्यज्योति 'नंदन'**

अब सर्दी कम तो हो गई है लेकिन अभी भी सुबह-शाम ठंडी हवाओं से बचना जरूरी है। ऐसे में शरीर को गर्म रखने के लिए आप योगाभ्यास कर सकते हैं। इसके लिए वैसे तो कई महत्वपूर्ण आसन हैं जैसे-पादहस्तासन, उत्तानासन, भुजंगासन, उष्ट्रासन और कुंभकासन। लेकिन इनमें कुंभकासन या प्लैंक पोज इसलिए अन्य आसनों से बेहतर है, क्योंकि यह मसल्स की ताकत बढ़ाता है।

**आसन करने की विधिः** सही तरीके से कुंभकासन करने के लिए सबसे पहले अपनी योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं। इस दौरान अपनी हथेलियों को अपने चेहरे के पास रखें और पैरों को इस तरह से मोड़ें कि पैर की अंगुलियां जमीन से ऊपर उठ रही हों। इसके बाद हाथों को धक्का देकर अपने नितंबों को हवा में ऊपर उठाएं। धड़ को फर्श के समानांतर रखें और इसे तब तक आगे की ओर खींचते रहें, जब तक कि भुजाएं लंबवत न हो जाएं और कंधे, कलाइयों के ऊपर न आ जाएं। इसके बाद हथेलियों को जमीन पर मजबूती से टिकाएं। कंधों की हड्डियों को रीढ़ से दूर फैलाएं और अपनी कॉलरबोन को सीने से दूर की तरफ खींचें। पैरों की अंगुलियों को नीचे की ओर मोड़ें और टेलबोन को एड़ियों की ओर लंबा करें। इस दौरान नाक की सीध पर फर्श की तरफ देखें। कुंभकासन या प्लैंक पोज की शुरुआत अधोमुख श्वानासन से करना चाहिए।

**कुंभकासन करने के फायदेः** यह पेट की मांसपेशियों की शक्ति को बढ़ाता है।

- कंधों, पीठ, नितंबों और जांघों को मजबूत बनाता है।
- वजन घटाने में भी कुंभकासन मददगार है।
- पैरों की पिंडलियों को यह आसन मजबूत करता है।
- शरीर में लचीलापन बढ़ाता है। कंसंट्रेशन भी बढ़ाता है।
- इस आसन को करने से स्ट्रेस कम होता है।
- ब्लड सर्कुलेशन सिस्टम को सुचारु बनाता है।
- यह आसन हिप्स को टोंड करता है।

**कुंभकासन करते समय बरतें ये सावधानियांः** नियमित कुंभकासन करने के बहुत सारे फायदे हैं, लेकिन उन लोगों को कुंभकासन करने से बचना चाहिए, जिन्हें यहां बताई जा रही शारीरिक परेशानियां हैं।

- जिनके घुटनों, टखनों या कोहनियों में दर्द रहता है या यह आसन करते समय तेजी से दर्द उठता है।
- अगर बीपी की समस्या है तो इसे करने से पहले डॉक्टर से सलाह ले लें।
- अनिद्रा या किसी तरह के भी सिरदर्द की समस्या है तो यह आसन न करें।
- जिन लोगों को अकसर चक्कर आते हैं, उन्हें भी इस आसन से दूर रहना चाहिए।
- गर्भवती महिलाओं को यह आसन भूलकर भी नहीं करना चाहिए।

**पहले और बाद में क्या करेंः** कुंभकासन के पहले शवासन करना चाहिए, क्योंकि शवासन करने से शरीर विश्राम की मुद्रा में आ जाता है। कुंभकासन के बाद भी शवासन करना फायदेमंद होता है। अगर पहली बार कुंभकासन करने जा रहे हैं, तो बेहतर होगा कि किसी योग प्रशिक्षक की निगरानी या देखरेख में ही करें। *



## खबर संक्षेप

### समारोह में व्यक्ति की जेब से हजारों रुपये चोरी

**फतेहाबाद।** गांव टिब्बी के मेन चौक में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दो युवक एक व्यक्ति की जेब से हजारों रुपये की नकदी चोरी कर फरार हो गए। इस बारे भूना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव टिब्बी निवासी सदासुख ने कहा है कि कुछ दिन पूर्व वह गांव टिब्बी में आयोजित सम्मान समारोह में भाग लेने गया था। समारोह में काफी भीड़ थी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**फतेहाबाद।** हांसपुर चौकी के समीप एक कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव कारियां निवासी बलविन्द्र सिंह ने कहा है कि उसे सूचना मिली कि उसके पिता हरनाम चंद का हांसपुर चौक पुल से सिरसा की तरफ पैट्रोल पम्प के पास एक्सीडेंट हो गया है।

### दो अवैध पिस्तौलों सहित युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** नाजायज हथियार रखने वालों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने युवक के पास से दो नाजायज पिस्तौल व 8 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पकड़े गए युवक की पहचान प्रवीन कुमार उर्फ सोनू पुत्र साधुराम निवासी धांगड़ रोड, खेत ढाणी, बीसला के रूप में हुई है। सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी।

### टोहाना अनाज मण्डी से मोटरसाइकिल चोरी

फतेहाबाद। वाहन चोरों ने टोहाना अनाज मण्डी में एक घर से मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में पुरानी अनाज मण्डी टोहाना निवासी प्रवीन ने कहा है कि गत दिवस उसने अपने मोटरसाइकिल को घर के अंदर बरामदे में खड़ी की थी। सुबह जब वह बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था।

### 66 हजार की जुआराशि सहित 4 लोग गिरफ्तार

**सिरसा।** डिंग थाना पुलिस ने गश्त के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव मोरीवाली क्षेत्र से सार्वजनिक जगह पर जुआ खेल रहे 4 लोगों को काबू कर उनके कब्जा से 66 हजार 430 रुपए की जूआराशि व ताश बरामद की है। डिंग थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर भीम सिंह ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव मोरीवाला क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली की मोरीवाला क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा जुआ खेला जा रहा है।

### 10 हजार की ठगी के मामलें मे चार पकड़े

**सिरसा।** साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की विशेष टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक दुकानदार को बहला-फुसलाकर 10 हजार रुपए की साइबर ठगी करने के मामले में सीएससी सेंटर संचालक सहित चार युवकों को काबू करने में सफलता हासिल की है। साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान बंटी पुत्र रमेश कुमार, सागर पुत्र सुरेश कुमार, विक्की पुत्र देवाराम उर्फ वीरू व सुरज कुमार पुत्र दलीप सिंह के रुप में हुई है।

### वाहन खरीद-बेच करते समय अजनबी लोगों से रहे सावधानः एसपी

**सिरसा।** पशुधन, अनाज तथा वाहन खरीद-बेच के दौरान लोगों के साथ हुई ठगी के मामले सामने आने पर पुलिस प्रशासन ने कड़ा संज्ञान लिया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने सभी ग्राम पंचायतों तथा आम जन को आगाह करते हुए कहा है कि कई बार अजनबी व्यक्तियों द्वारा शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों के साथ पशुधन, अनाज तथा वाहनों की खरीद बेच का कार्य करते हैं।

## सफाई ठेकेदार-कर्मचारी संघ के बीच वार्ता

# हटाए गए कर्मचारी वापस लिए जाएंगे, काम के घंटे होंगे तय

■ बढ़ती आबादी के हिसाब से नए पद सृजित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

सफाई ठेकेदार और नगरपालिका कर्मचारी संघ के बीच चल रहे विवाद को लेकर बुधवार को सफाई ठेकेदार और यूनियन के डेपुटेशन के बीच नगरपरिषद कार्यालय में वार्ता हुई। कार्यकारी अधिकारी की मध्यस्थता में हुई इस बैठक में कार्यकारी अधिकारी व ठेकेदार के सफाई इंचार्ज ने आश्वासन दिया कि हटाए गए कर्मचारियों को जल्द काम पर वापिस लिया जाएगा व ठेके के सफाई कर्मचारियों के काम के घण्टे तय किए जाएंगे। ठेकदार के इंचार्ज यह भी कहा कि वर्क ऑर्डर में सफाई कर्मचारी व कचरा कलेक्शन हेल्पर की जितनी संख्या बनती है, उसे पूरा किया जाएगा। अधिकारी कभी भी चेक कर सकते हैं। नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई फतेहाबाद प्रधान विजय ढाका व सचिव ओम प्रकाश लोट ने बताया कि संघ के डेपुटेशन व कार्यकारी अधिकारी, ठेकदारों के बीच हुई वार्ता संतोषजनक रही। संघ को ये आश्वासन दिया गया है कि एक हफ्ते में हटाए गए कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापिस लिया जाएगा। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि प्रशासन अगर एक हफ्ते में मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 11 फरवरी को संघ आंदोलन का नोटिस बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी नगर परिषद प्रशासन की होगी। इसके अलावा संघ ने चेतावनी दी कि अगर नगर परिषद प्रशासन 311 ऐप या पोर्टल से हाजरी लगाई तो उसका भी विरोध किया जाएगा।

बातचीत से पूर्व नगर पालिका कर्मचारी संघ की बैठक यूनियन कार्यालय में इकाई प्रधान विजय ढाका की अध्यक्षता में हुई, जिसका संचालन सचिव ओम प्रकाश लोट ने किया। संघ के राज्य वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तुषामड व इकाई वरिष्ठ उप प्रधान सत्यवान टांक ने बताया कि संघ प्रशासन से लम्बे समय से मांग कर रहा है कि फतेहाबाद शहर की आबादी सवा लाख से अधिक हो गई लेकिन नगर परिषद में जो सफाई कर्मचारियों के पद है, वह 2017 की आबादी के हिसाब से सृजित किए हुए है, जिनकी संख्या 157 है। वर्तमान आबादी के हिसाब लगभग 300 पद सफाई कर्मचारियों के बनते हैं।



**फतेहाबाद।** बैठक में मौजूद नगरपालिका कर्मचारी संघ के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### रोड सेफ्टी किट उपलब्ध करवाई जाए

संघ ने मांग की कि फतेहाबाद प्रशासन बढ़ती जनसंख्या व नगर परिषद में शामिल हुई नई कॉलोनीयो के देखते हुए नए पद सर्जित कर कर्मचारियों की भर्ती करे। आए दिन रोड पर कार्य करने समय सफाई घायल होते है, संघ मांग करता है प्रशासन रोड सेफ्टी किट उपलब्ध करवाई जाए। शहर में जब अतिक्रमण व फ्लैक्स, होर्डिंग आदि उतरते समय झगड़े की आशंका रहती है। ऐसे में फतेहाबाद प्रशासन व अधिकारी सुनिश्चित करें कि ऐसे अभियान के दौरान जिम्मेवार अधिकारी मौजूद होने चाहिए। आज की मीटिंग में कोषाध्यक्ष वीरू रत्ति, उप प्रधान नरेश राणा, प्रेस सचिव राजा राम चौहान, मुख्य संगठनकर्ता अमित गिल, उप प्रधान पवन चिंडालिया, ओम प्रकाश झलनिया, रंजना, शकुंतला, धीरज घोघलिया, सह सचिव गुरदयाल भट्टी सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

# नगरायुक्त ने सुनीं जनसमस्याएं

■ अधिकारियों को जल्द समस्याओं के समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

हरियाणा सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित कर नागरिकों की जन समस्याओं का जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा निदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जिला नगरायुक्त संजय बिश्नोई ने नागरिकों की शिकायतों को सुना और मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं को तत्परता से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की इस अनूठी पहल से नागरिकों को अब सरकारी कार्यालयों में चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है। एक ही छत के नीचे प्रतिदिन लोगों की समस्याओं का समाधान प्रशासन के उच्चाधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। इसी प्रकार से उपमंडल स्तर पर टोहाना व रतिया में उपमंडल अधिकारी द्वारा समाधान शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। बुधवार को आयोजित समाधान शिविर में सिंचाई विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, पंचायत विभाग, पुलिस विभाग, से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई।



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते डीएमसी संजय बिश्नोई।

### जगदीप मुक्त फुटबॉल टूर्नामेंट में रहा प्रथम

**सिरसा।** सीएमके नैशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बी.ए. द्वितीय वर्ष के विधार्थी जगदीप बाजवा ने डबवाली मुक्त फुटबाल टूर्नामेंट में प्रथम स्थान पाकर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। इसी प्रकार कालीकी बरनाला पंजाब में आयोजित कालीकी मुक्त फुटबाल टूर्नामेंट में द्वितीय स्थान हासिल किया। ये दोनों प्रतियोगिता कालीकी बरनाला पंजाब व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डबवाली में आयोजित की गई थी। इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने जगदीप बाजवा को शुभाशिष व बधाई देते हुए कहा कि खेल ना केवल आपकों शारीरिक विकास व तंदरुस्त रखता हैं बल्कि इससे शारिरिक क्षमता व संपूर्ण व्यायाम होता रहता हैं साथ तनाव मुक्त भी रहता हैं। महाविद्यालय के विद्यार्थी निरंतर स्वर्ण पदक जीत कर महाविद्यालय को शीर्ष पर पहुंचा रहे है।

## एयरलाइंस में नौकरी के नाम पर ठगी के दो युवक यूपी से गिरफ्तार

■ आरोपियों की पहचान बॉबी पुत्र प्रमोद और शुभांकर के रूप में हुई

**फतेहाबाद।** एयरलाइंस में नौकरी के नाम पर युवती से 1 लाख 70 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने दो आरोपियों को उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान बॉबी पुत्र प्रमोद निवासी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश व शुभांकर तिवारी लखनऊ के रूप में हुई है। साइबर थाना फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 26 दिसम्बर को गुरूनानकपुरा मोहल्ला फतेहाबाद निवासी सुरेन्द्र सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी लडक़ी सिमरन के पास फोन आया कि उसका सिलेक्शन विस्तारा एयरलाइंस में हो गया है। उसे सिक्योरिटी के तौर पर 15 हजार रुपये देने होंगे।


**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में युवती को ठगने के आरोपी।

## प्रभु का नाम मात्र लेने से मनुष्य का होता है कल्याण : मुकुंद हरि

■ संत शिरोमणि बाबा नामदेव धर्मशाला में भागवत कथा आयोजित

**रतिया।** मां शीतला मंदिर के नजदीक संत शिरोमणि बाबा नामदेव धर्मशाला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर चंडीगढ़ से आए कथा व्यास मुकुंद हरि महाराज ने बताया की प्रभु का नाम मात्र लेने से मनुष्य का कल्याण आवश्यक होता है इसलिए मनुष्य को प्रभु नाम का सिमरन अवश्य करना चाहिए। आज की कथा में कथा व्यास ने भगवान वामन अवतार व श्री कृष्णा जन्मोत्सव प्रसंग की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि भगवान वामन अवतार भगवान विष्णु के 10 अवतारों में पांचवा अवतार था, जो त्रेता युग में हुआ था। जिन्होंने तीन पग में पृथ्वी स्वर्ग व उनके बीच का स्थान नाप लिया था। पौराणिक कथाओं में भगवान वामन ने अपना अवतार तब दिखाया जब दैत्य राजा बलि ने पूरे ब्रह्मांड पर अपना शासन किया और देवता अपनी शक्ति खो चुके थे।


**रतिया।** कथा के दौरान झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### रतिया बार चुनाव : राहुल मेहता ने सचिव पद का नामांकन किया


**रतिया।** बार एसोसिएशन रतिया के पदाधिकारियों के 28 फरवरी को होने वाले चुनावों को लेकर बुधवार को सचिव पद के लिए राहुल मेहता ने अपना नामांकन दाखिल किया है। आज नामांकन के अंतिम दिन कुलविंदर ढिल्लों ने प्रधान पद और प्रधान पद का नामांकन भरा है। यह जानकारी देते हुए चुनाव ऑब्जर्वर बलवंत सिंह, सहायक चुनाव अधिकारी एडवोकेट तरुण जैन, राम चंद्र अलीका, संदीप सिंह मेहरोक, नरेश अरोड़ा, गुरजंट सिंह ने बताया कि 28 फरवरी को बार एसोसिएशन रतिया के प्रधान, उपप्रधान, सचिव, वित्त सचिव, संयुक्त सचिव सहित पांच पदों के चुनाव होंगे। इसके लिए आज नामांकन के अंतिम दिन अभी तक तीन नामांकन आए हैं।,


## साइकिलिंग में छाया सीनियर मॉडल स्कूल का विद्यार्थी

■ नेशनल प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक, स्कूल पहुंचने पर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

सीनियर मॉडल स्कूल भिरड़ाना के छात्र दीपांशु ने पटना में आयोजित नेशनल साइकिलिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है। पटना में जीतकर लौटे दीपांशु का आज स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। अपने होनहार छात्र दीपांशु के विद्यालय पहुंचने पर स्कूल में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया, जिसमें दीपांशु के अभिभावक, कोच और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। स्कूल संचालक ओम प्रकाश बिश्नोई ने सभी का अभिवादन किया और विजेता छत्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ओमप्रकाश बिश्नोई ने कहा कि दीपांशु एक अनुशासित विद्यार्थी है। उसकी एकाग्रता और लगन रंग लाई है। अपनी मेहनत की बदौलत आज वह सभी बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना है। दीपांशु के पिता संजय गोदारा, चाचा इंद्र सिंह गोदारा, गुरमेश गोदारा, कृष्ण गोदारा, कोच मंदीप, सुनील पूनिया, सतीश बिश्नोई, रविंद्र गौतम, डॉ. कृष्ण कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग इस अवसर पर मौजूद रहे। अंत में प्रिंसिपल श्वेता बिश्नोई व निदेशक शीतल कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। समीर बिश्नोई, राजकुमार बिश्नोई, कुलदीप, विनोद सुशीला, मुकेश, कलावती, दिनेश, अनिल और अन्य अध्यापकों ने भी विजेता छात्र को बधाई दी।





**फतेहाबाद।** सीनियर मॉडल स्कूल भिरड़ाना में विजेता छात्र को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक। फोटो : हरिभूमि

### मुंह ढंके युवकों ने दी घर पर दस्तक, महिला की सतर्कता से टली वारदात

**सिरसा।** शहर में तीन युवकों ने रिटायर्ड टीचर के घर वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया। रिटायर्ड टीचर की पत्नी की सतर्कता से युवक वारदात को अंजाम नहीं दे सके। पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। शहर के बरनाला रोड स्थित मक्कड़ स्वीट्स वाली गली निवासी रिटायर्ड टीचर राजकुमार सचदेवा के घर मंगलवार रात करीब 8.30 बजे तीन युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर आए। राजकुमार सचदेवा की पत्नी पुष्पा सचदेवा ने बताया कि इन तीनों युवकों में से एक युवक के मुंह पर सफेद रुमाल बंधा हुआ था जबकि दो ने ग्रे कलर का मास्क लगाया हुआ था। उन्होंने आते ही पूछा कि मेहता साहब घर पर हैं, तो उन्हें बुलवा दीजिए। इस पर पुष्पा सचदेवा ने कारण और उन युवकों से नाम पूछा तो उन्होंने नाम बताने के बजाय मेहता साहब को बुलाने पर ही जोर दिया।

## ग्रामीण महिलाओं को आंवला से मुरब्बा आचार, कैंडी बनाने का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भूना

महिलाओं को स्वरोजगार से जोडक़र आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्यों के चलते बुधवार को गोरखपुर गांव में पांच दिवसीय हरकोफेड के तत्वावधान में आयोजित जागरूकता शिविर का समापन हुआ। इसमें हरियाणा राज्य सहकारी विकास प्रसंघ लिमिटेड पंचकूला की सदस्या रजनी देवी व कोमल ने भाग लिया। शिविर में स्वयं सहायता समूह व ग्रामीण महिलाओं को आंवला से मुरब्बा, आचार, कैंडी इत्यादि बनाने की जानकारी दी गई। शिविर में ट्रेनर सनिता रानी ने पांच दिन महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए ट्रेनिग देकर प्रशिक्षण दिया। डेयरी संचालक एंव सामाजिक कार्यकर्ता फकीरचंद धायल ने सभी आयोजकों व ट्रेनरों का धन्यवाद किया। हरकोफेड की सदस्य रजनी ने शिविर में कहा कि बढ़ती महंगाई के इस दौर में सिर्फ एक व्यक्ति के वेतन से घर खर्च चला पाना बहुत मुश्किल हो जाता है, इसलिए महिलाओं को भी चाहिए कि वे स्वरोजगार अपनाकर अपने परिवार का खर्च उठाएं। इसी कड़ी में महिलाओं को स्वरोजगार से जोडक़र आत्मनिर्भर बनाने की सोच के साथ उपरोक्त शिविर लगाने का एकमात्र उद्देश्य था।



**भूना।** शिविर में स्वरोजगार को लेकर महिलाओं को जानकारी देती हुई ट्रेनर।

### जीएनएम परीक्षा में राजेंद्रा स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राएं छाईं

**सिरसा।** पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज द्वारा जीएनएम तृतीय वर्ष के घोषित परीक्षा परिणामों में राजेंद्रा स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। संस्थान की प्राचार्या कुलविंद्र कौर ने बताया कि उनके कॉलेज की छात्रा मनप्रीत ने 600 में से 468 अंक हासिल कर संस्थान में पहला और पूरे जिले में द्वितीय स्थान हासिल कर संस्थान को गौरवान्वित किया है। इसके अलावा छात्रा राधिका ने 600 में से 461 अंक प्राप्त कर कॉलेज में दूसरा व छात्रा जसप्रीत कौर ने 600 में से 457 अंक प्राप्त कर संस्थान में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्राओं की इस उपलब्धि पर संस्थान के प्रबंधक एनके गुप्ता ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि उपरोक्त छात्राओं ने संस्थान की शिक्षा क्षेत्र में प्राचीन गौरवशाली परंपराओं को कायम रखते हुए अन्य विद्यार्थियों के लिए आदर्श स्थापित किया है।

## कॉलेज के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक समारोह आयोजित

■ विकास प्रक्रिया एवं उपलब्धियों के बारे में दी जानकारी

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा के स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक समारोह हुआ। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रो. हरजिंद्र सिंह ने महाविद्यालय की स्थापना से लेकर आज तक इसकी विकास प्रक्रिया एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की और आगामी निर्धारित लक्ष्यों से अवगत करवाया। डॉ. कुमुद बंसल ने महाविद्यालय के स्थापना दिवस की सभी उपस्थितजनों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि सिरसा एजुकेशन सोसायटी, सिरसा द्वारा 5 फरवरी 1957 को नेशनल महाविद्यालय, सिरसा के रूप में रोपित किया गया। यह पौधा 22 जनवरी 1979 को राजकीय नेशनल महाविद्यालय का दर्ज हासिल कर अब वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है। उन्होंने कहा कि हमें वसुदैव कुटुंब की भावना को आत्मसात करते हुए सद्भावना से ओत प्रोत ऐसे समाज का निर्माण करने की ओर आगे बढऩा है जिसमें हर व्यक्ति के सपनों की पूर्ति हो।


**सिरसा।** डॉ. कुमुद रामानंद बंसल एडवोकेट उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए।

## डीएवी पुलिस स्कूल में कार्यशाला स्कारात्मक सोच पर विचार किए साझा

**फतेहाबाद।** पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों और शिक्षकों के मानसिक एवं आत्मिक विकास हेतु ब्रह्माकुमारीज केंद्र के सौजन्य से विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि बीके कमल भैयाजी, जो एक अंतरराष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षक हैं, ने मानसिक शांति, तनाव प्रबंधन और सकारात्मक सोच पर अपने विचार साझा किए। उनके साथ पवन भैयाजी भी उपस्थित रहे, जो ब्रह्माकुमारी केंद्र, फतेहाबाद में नियमित कक्षाएं संचालित करने के साथ-साथ सभी सेवाओं का प्रबंधन करते हैं। उन्होंने आध्यात्मिक ज्ञान और ध्यान के महत्व को समझाया। इस कार्यशाला में ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन जी ने भी विशेष रूप से सहभागिता की और ध्यान के माध्यम से आत्मिक ऊर्जा को जागृत करने की विधियां बताईं। उन्होंने छात्रों को अपने जीवन में नैतिक मूल्यों और आत्म-सुधार को अपनाने की प्रेरणा दी।


**फतेहाबाद।** डीएवी पुलिस स्कूलज में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### 'विद्यार्थी जीवन में सफलता के लिए सुरक्षा की भूमिका' विषय

# विद्यार्थियों को सफलता पाने में सुरक्षा की अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

एमएम कॉलेज में यूथ रेडक्रॉस की ओर से 'विद्यार्थी जीवन में सफलता के लिए सुरक्षा की भूमिका' विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में मुख्य वक्ता के तौर पर ब्रह्मकुमारीज, माउंट आबू से मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. सुरेश कुमार शर्मा ने भाग लिया और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में सफलता कैसे पाएं, के बारे में कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएम एजुकेशन सोसायटी के गर्वनिंग बॉडी सदस्य शरद बत्रा ने की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. भव्या मुखी ने किया। इस अवसर पर विशेष तौर पर ब्रह्मकुमारीज आश्रम फतेहाबाद से दीदी बीके मूर्ति भी मौजूद रही।

वर्कशॉप के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि सुरक्षा विद्यार्थियों के लिए सफलता पाने में अहम भूमिका निभाती है। सुरक्षित माहौल में पढऩे से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे बिना किसी डर या चिंता की पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित कर पाते हैं और इससे उनका शैक्षणिक प्रदर्शन भी बेहतर होता है। उन्होंने कहा कि जो छात्र सुरक्षित महसूस करते हैं, वे सफल होते हैं। शोध अध्ययनों ने पुष्टि की है कि जब छात्र स्कूल या कॉलेज में सुरक्षित और व्यस्त महसूस करते हैं, तो वे न केवल पढ़ाई में बल्कि जीवन के सभी पहलुओं में अधिक सफल होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के लिए दृढ संकल्प, मेहनत और धैर्य, समय प्रबंधन, सकारात्मक दृष्टिकोण, लक्ष्य निर्धारित और निरंतर सीखने जैसे गुणों को आवश्यक बताया।



**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में आयोजित वर्कशॉप में मौजूद मुख्य वक्ता डॉ. सुरेश कुमार शर्मा व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**सूचना**

मैं, सतपाल पुत्र श्री बलदेव निवासी खांडा खेड़ी, तहसील बास, जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र प्रदीप मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बोबुआ में उप स्वास्थ्य केंद्र की कंडम बिल्डिंग की बोली दिनांक 14.02.2025 को प्रात: 11:00 बजे मौके पर की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता निश्चित तिथि व समय पर पहुंचकर बोली में भाग लेने का कष्ट करें बोलीदाता को मू. 20000/- रूपए सिक्योरिटी के रूप में जमा करवाने होंगे। बाकी शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

निवेदक: श्रीमती अनीता देवी
सरपंच, ग्राम पंचायत बोबुआ,
मो. 9991726060

## खबर संक्षेप

### पार्ट टाइम जॉब का झांसा दे लगाई 2.11 लाख की चपत

**हांसी।** साइबर ठगों ने पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर एक किसान से 2.11 लाख रुपए ठग लिए। साइबर थाना पुलिस ने सुल्तानपुर निवासी किसान प्रदीप की शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में प्रदीप ने बताया है कि वह सुलतानपुर का रहने वाला है और गांव में रहकर खेती-बाड़ी का काम करता है। प्रदीप ने बताया कि 31 दिसंबर को उनके व्हाट्सएप पर पार्ट टाईम जॉब करने के बारे में मैसेज आया और मैसेज में द गुड्स गायज कम्पनी में ट्रेडिंग के काम के बारे बताया गया था। जिसमें रोजाना 1500 से 6000 हजार रुपये कमाने की बात कही गई थी। मैसेज के बाद एक लिंक भेजकर उस पर रजिस्ट्रेशन करवाया और उसकी आईडी बनवाई। इसके बाद साइबर ठगों ने 1 जनवरी को उसके खाते में बोनस के तौर पर 1100 रुपये डाले। इसके बाद 2 जनवरी को उसने साइबर ठगों के खाते में 10 हजार रुपये डाले। इसके बाद कई बार में उससे 2.11 लाख रुपये अपने खाते में डलवा लिए।

### नर्सिंग होम संचालक के साथ 3.31 लाख की ठगी

**हांसी।** साइबर ठगों द्वारा क्रेडिट कार्ड बनवाने की प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर एक नर्सिंग होम संचालक को 3.31 लाख रुपये की चपत लगाने का मामला प्रकाश में आया है। साइबर थाना पुलिस ने डॉ. गौरी शंकर मित्तल की शिकायत पर क्रेडिट कार्ड बनवाने की प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर करीब 3 लाख 31 हजार 646 रुपये ऑनलाइन फर्जीवाड़ा किया।

### स्कूल संघ के प्रधान को पितृशोक

**मंडी आदमपुर।** आदमपुर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान जेपी पाहवा के पिता भगवानदास पाहवा का निधन हो गया है। उनके निधन पर एसोसिएशन के संरक्षक पपेंद्र ज्याणी, धर्मवीर जांगड़ा, अरविन्द बैरिवाल और विकास सिंवर, प्रेस क्लब, मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट, भारत विकास परिषद सहित सभी प्राइवेट स्कूल संचालकों ने शोक व्यक्त किया।

### संस्कृत संभाषण शिविर का शुभारंभ

**हिसार।** छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय में 10 द्विसीय संस्कृत संभाषण शिविर का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. उर्मिला मलिक डॉ. राजवीर सिवाच, नवीन कौशल, डॉ. पूनम व डॉ. मोनिका ने मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित करके किया। इस शिविर का आयोजन संस्कृतभारती हरियाणा (न्यास) के द्वारा किया जा रहा है। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्राचार्या ने कॉलेज में शिविर का आयोजन करवाने आए हुए विद्वानों का स्वागत संस्कृत भाषा में ही किया।

### ड्यूटी के दौरान काली पट्टी लगाकर जताएंगे रोष

**हिसार।** प्रदेश भर के पशु चिकित्सक एसीपी न दिए जाने से नाराज है। पशुपालन विभाग में कार्यरत डाक्टरों को पिछले कई सालों से एसीपी का फायदा नहीं दिया जा रहा है। विभाग में कार्यरत कुछ पशु चिकित्सक सेवानिवृत भी हो चुके हैं लेकिन उनको एसीपी का लाभ नहीं दिया गया। यह जानकारी देते हुए हरियाणा स्टेट वेटरनरी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जगदीश सिंह ढांडा एवं महासचिव डॉ. विजय कादियान ने बताया कि पशुपालन विभाग में सेवा के दौरान पशु चिकित्सकों को तीन एसीपी दिए जाने का प्रावधान है। लंबित एसीपी को लेकर एसोसिएशन कई बार ज्ञापन दे चुकी है।

---

उकलाना क्षेत्र में भाखड़ा से जलघर तक पाइपलाइन बिछी, 95 फीसद काम पूरा

# रेलवे क्रॉसिंग और बिजली का कनेक्शन न होने से अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना




वर्ष 2019 में भाजपा की दूसरी बार सरकार बनने के बाद उकलाना क्षेत्र में भाखड़ा का स्वच्छ जल लाने के लिए शुरू की गई कवायद जल्द सिरे चढ़ने की उम्मीद है। भाखड़ा का पानी उकलाना क्षेत्र में लाने का कार्य लगभग 95 फीसद पूरा हो चुका है। फिलहाल भाखड़ा से जलघर तक बिछाई गई पाइपलाइन रेलवे क्रॉसिंग और बिजली का कनेक्शन न होने के कारण पानी अटका हुआ है। जैसे ही रेलवे क्रॉसिंग एवं बिजली कनेक्शन से जुड़ी फाइल को मंजूरी मिलती है, वैसे ही भाखड़ा का स्वच्छ जल उकलाना क्षेत्र में लाने का सपना साकार हो जाएगा। बता दें कि उकलाना मंडी क्षेत्र के लोग आज भी भूमिगत पानी पी रहे हैं जिससे अनेक बीमारियां भी जन्म ले रही है। भाखड़ा का पानी आने से क्षेत्र की जनता को स्वच्छ जल मिल पाएगा जिससे बीमारियों से भी निजात मिलेगी। जानकारी के अनुसार 2019 में भाखड़ा का पानी लाने की कवायद शुरू की गई और 2020 के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए अनेक दावेदारों तथा अनेक समाजसेवियों ने अपनी भूमिका अदा करने का काम किया।

फाइल प्रदेश के तत्कालीन राज्य मंत्री अनूप धानक व हरियाणा ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के उपाध्यक्ष श्रीनिवास गोयल के हाथों में आने के बाद इन्होंने यहां इस प्रस्ताव को मंजूरी दिलवाई। जन स्वास्थ्य विभाग तथा सरकार की ओर से जन स्वास्थ्य विभाग के इस प्रोजेक्ट के लिए लगभग 7 करोड रुपये की राशि मंजूर की गई और प्रोजेक्ट को शुरू करवा गया। जिसके लिए वर्क आर्डर सुरेश एंड कंपनी को 31 मई 2023 को दे दिया गया। इस काम में पूर्ण करना स्ट्रक्चर, मशीनरी, पाइप, जनरेटर, बाउंड्री वॉल, टैंक आदि शामिल है। इसमें कुंदनपुरा भाखड़ा नहर से नगर पालिका उकलाना के नागरिकों के लिए उकलाना गांव तथा मंडी जलघर में पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है और 95 फीसद कार्य पूर्ण हो चुका है। जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से छह करोड़ रुपये के लगभग पाइप लाइन तथा एक करोड़ रुपये अन्य कार्यों के लिए खर्च होगा।

#### फाइल भेज चुके

जन स्वास्थ्य विभाग के उप मंडल अभियंता आशीष गर्ग एवं कनिष्ठ अभियंता रमेश कुमार ने बताया कि बिजली कनेक्शन देने के लिए 26 जुलाई 2024 को फाइल लगाई गई थी जिसके लिए जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी तथा रेलवे लाइन से मंजूरी के लिए 30 जुलाई 2024 को अप्रूवल मांगी गई थी। इन दोनों की मंजूरी आने पर उकलाना की जनता को स्वच्छ जल मिल पाएगा। उकलाना गांव का जो क्षेत्र है उसमें बिजली कनेक्शन होने के तुरंत बाद भी पानी शुरू कर दिया जाएगा जबकि रेलवे लाइन के मंजूरी आने के बाद उकलाना मंडी क्षेत्र की जनता को भाखड़ा का पानी मिल पाएगा।

#### अप्रूवल होने के बाद देंगे कनेक्शन : जेई

बिजली निगम के एसडीओ का कार्यभार संभाल रहे कनिष्ठ अभियंता मुकेश कुमार ने कहा कि एलोकेशन अप्रूवल के लिए फाइल गई हुई है अप्रूवल होने के बाद कनेक्शन कर दिया जाएगा।

#### जल्द देंगे मंजूरी

रेलवे के सेक्शन इंजीनियर देवेंद्र सिंह से बात की तो उन्होंने कहा कि रेलवे की ओर से जल्द मंजूरी दे दी जाएगी उस उपरांत पानी पाइपलाइन क्रॉसिंग के लिए जन स्वास्थ्य विभाग काम कर पाएगा।

---



हिसार । नवनियुक्त कुलसचिव डॉ. विजय कुमार का स्वागत करते पूर्व कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर। फोटो :हरिभूमि

## शोध व नवाचार को बढ़ावा दे रहा गुजवि : कुलसचिव

■ डॉ. विजय कुमार ने गुजवि के 19वें कुलसचिव के रूप में संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने कहा है कि वे विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय पहचान को और अधिक मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे। शोध तथा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों के लिए वे अपना सकारात्मक सहयोग देंगे।

नवनियुक्त कुलसचिव डॉ. विजय कुमार बुधवार को विश्वविद्यालय में कार्यभार संभालने उपरांत बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई के निर्देशन में गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के नाम पर स्थापित यह विश्वविद्यालय देश में सबसे तेजी से बढ़ते विश्वविद्यालयों में से एक है। इस विश्वविद्यालय के कुलसचिव के रूप में कार्य करने का मौका मिलना उनके लिए गौरव की बात है। अपनी नियुक्ति के लिए उन्होंने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया। डॉ. विजय कुमार ने विश्वविद्यालय के 19वें कुलसचिव के रूप में कार्यभार संभाल लिया है।

कुलसचिव डा. विजय कुमार ने कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई से मुलाकात की। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कुलसचिव डा. विजय कुमार का स्वागत किया तथा उन्हें शुभकामनाएं दी। पूर्व कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने कुलसचिव कार्यालय में नवनियुक्त कुलसचिव डा. विजय कुमार का स्वागत किया। डा. विजय कुमार के साथ कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव लेफ्टिनेंट डा. विरेन्द्र पाल सहित भारी संख्या में वरिष्ठ शिक्षक व कर्मचारी भी आए।

---



### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की मांगों को पूरा करे सरकार : रामफल

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन की बैठक सिंचाई विभाग रेस्ट हाउस में हुई। बुधवार को हुई बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान रामफल शिकारपुर ने की। इसमें कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान रामफल शिकारपुर ने बताया कि यूनियन प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं के समाधान के लिए सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता से मुलाकात कर मांगपत्र सौंपा। अधीक्षक अभियंता ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि मांगों का जल्द समाधान कर दिया जाएगा। रामफल शिकारपुर ने बताया हरियाणा सरकार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की मांगों के समाधान को लेकर गंभीर नहीं है। इसको लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है। इस दौरान श्रीकांत, ईश्वर सोढ़ी, सुनील वेदप्रकाश व अन्य मौजूद रहे।

---

## गुजवि अब उच्च शिक्षा विभाग के एकीकृत पोर्टल वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन से जुड़ा : प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भारत सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के एकीकृत पोर्टल वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओएनओएस) से जुड़ गया है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों को 13000 से अधिक राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर के ई-जर्नल्स निशुल्क उपलब्ध होंगे। ओएनओएस भारत सरकार का यह एक अनूठा कार्यक्रम है। इसे सूचना एवं पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र अहमदाबाद द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बुधवार को इन ई-जर्नल्स का एक्सेस विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा, पुस्तकालयाध्यक्ष डा. विनोद कुमार, उप पुस्तकालय अध्यक्ष डा. नरेन्द्र कुमार, डा. सोमदत्त व प्रोग्रामर पूजा रानी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस अवसर पर कहा कि यह पहल शोध के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी तथा आने वाले वर्ष में भारत अंतरराष्ट्रीय शोध बाजार में अपना स्थान और मजबूत करेगा। उन्होंने ओएनओएस के तहत अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं तक पहुंच बनाने के लिए विश्वविद्यालय के पुस्तकालय प्रशासन तथा उप पुस्तकालय अध्यक्ष डा. नरेन्द्र चौहान के प्रयासों की सराहना की।



हिसार। विश्वविद्यालय में ई-जर्नल्स का एक्सेस उपलब्ध करवाते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

### होटलों को रेटिंग देने के नाम पर 5.67 लाख की चपत

**हांसी।** साइबर ठगों ने एक बैंक कर्मचारी को पार्ट टाइम जॉब के नाम पर बैंकों को रेटिंग देकर रुपए कमाने का झांसा देकर उसके 5.67 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर डाली। धोखाधड़ी का अहसास होने पर बैंक कर्मचारी द्वारा साइबर थाना पुलिस में शिकायत दी गई तथा साइबर थाना पुलिस ने बैंक कर्मचारी गढ़ी निवासी संदीप शर्मा की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में संदीप शर्मा ने बताया कि वह गढ़ी का रहने वाला है। और हिसार एक बैंक में जॉब करता है। 4 जनवरी को उनके व्हाट्सएप पर पार्ट टाइम जॉब करके रुपये कमाने का मैसेज आया। मैसेज करने वाली ने अपना नाम सुनीता शर्मा बताया।

---

## रणनीतिक रूप से सोचकर अपने जीवन में बेहतर निर्णय लें विद्यार्थी : प्रो. स्टुअर्ट

■ हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस में 'अनिश्चितता में रणनीतिक प्रबंधन' पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



व्याख्यान देते मुख्य वक्ता प्रोफेसर एडवर्ड स्टुअर्ट बकिंघम।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस में 'अनिश्चितता में रणनीतिक प्रबंधन' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया के मोनाश बिजनेस स्कूल के प्रोफेसर एडवर्ड स्टुअर्ट बकिंघम व्याख्यान के मुख्य वक्ता थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि इस तरह की पहल से विश्वविद्यालय की वैश्विक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने प्रो. एडवर्ड के साथ विद्यार्थी तथा संकाय आदान-प्रदान कार्यक्रमों सहित पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की। प्रो. एडवर्ड ने कारोबारी माहौल की अनिश्चितताओं को संभालने में रणनीतिक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने व्यवस्थित रूप से समझाया कि कैसे विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं समय के साथ बढ़ी हैं और भविष्य में क्या उम्मीद की जा सकती है। प्रो. एडवर्ड ने विशेष रूप से मैक्रो स्तर पर एक देश और सूक्ष्म स्तर पर एक संस्थान को मजबूत करने में नवाचार की भूमिका पर जोर दिया।

---

## प्रयागराज के लिए हिसार से बस सेवा शुरू

■ श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कुंभ मेले तक रोजाना चलेगी विशेष बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



प्रयागराज में चल रहे कुंभ मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हरियाणा रोडवेज द्वारा हिसार से प्रयागराज के लिए भी स्पेशल बस सेवा शुरू की गई है।

रोडवेज डिपो की बस हर रोज सुबह 10:28 बजे हिसार बस स्टैंड से रवाना होगी। कुंभ समाप्त होने तक नियमित रूप से रोडवेज बस का संचालन किया जाएगा। रोडवेज महाप्रबंधक डॉ. मंगलसैन ने बताया कि इस विशेष बस सेवा का उद्देश्य श्रद्धालुओं को कुंभ मेले तक सुगम और सुविधाजनक यात्रा प्रदान करना है।

रोडवेज बस सुबह 10:28 बजे हिसार बस स्टैंड से चलकर झज्जर-गुरूग्राम-सोहना-पलवल-मथुरा-आगरा-इटावा तथा कानपुर होते हुए अगले दिन सुबह करीब 4 बजे प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) पहुंचेगी। रोडवेज महाप्रबंधक डॉ. मंगलसैन ने बताया कि प्रयागराज से बस शाम 3 बजे वापसी हिसार के लिए रवाना होगी। उन्होंने बताया कि बस का प्रति यात्री किराया 1170 रुपये निर्धारित किया गया है।

---

## हिसार से सिरसा वाया अग्रोहा तक रेल लाइन बिछाने पर 410 करोड़ रुपये होंगे खर्च : जिंदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



■ रेल मंत्री के निर्णय से लोगों में दौड़ी खुशी की लहर

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अग्रवाल समाज और समाज के अन्य वर्गों की लंबे समय से चली आ रही मांग को मंजूरी देते हुए अग्रोहा धाम तक रेलवे सुविधा शुरू करने का निर्णय लिया है। अग्रोहा धाम जो महराजा अग्रसेन की प्राचीन राजधानी के रूप में प्रसिद्ध है, लाखों श्रद्धालुओं का आस्थास्थल है। यहां प्रतिवर्ष लाखों लोग धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के दर्शन के लिए आते हैं। इलाके के लोगों की लम्बे समय से चली आ रही मांग पूरी होने पर विधायक सावित्री जिंदल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार प्रकट किया है। सावित्री जिंदल ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आम बजट में हरियाणा के लिए 3416 करोड़ का आवंटन अत्यंत सराहनीय है और इसमें से 410 करोड़ की राशि हिसार से सिरसा वाया अग्रोहा तक रेल लाइन बिछाने के लिए व्यय की जाएगी। रेलवे बजट में हुई इस घोषणा से हिसार-अग्रोहा-फतेहाबाद के लोगों में बहुत बड़ी उम्मीद की लहर दौड़ गई है।

---

## स्वामी राममुनि के महामंडलेश्वर बनने पर समाज ने जताई खुशी

**हिसार।** संत मंडल आश्रम के पीठाधीश्वर महंत राममुनि महाराज, हरिद्वार को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर हिसार वासियों ने खुशी जताई है। वरिष्ठ अधिवक्ता व समाजसेवी लाल बहादुर खोवाल, मानद कुलपति आचार्य रामस्वरूप शास्त्री, संरक्षक मानसिंह पाठक व कार्यकारी प्रधान रामकुमार आर्य ने राममुनि महाराज को बधाई संदेश भेजा है। इनके साथ ही चंद्रदेव कपिशंकर धाम, साध्वी सुजाता कपिशंकर धाम, शैलेश वर्मा प्रबंधक जयनारायण वर्मा स्मारक ट्रस्ट, शेर सिंह किरतान प्रधान कुम्हार महासभा हिसार, चंद्राराम गुर्री संरक्षक कुम्हार महासभा, रामफल वर्मा प्रधान कुम्हार सभा रावलवास खुर्द, सूरजभान प्रधान कुम्हार सभा उकलाना मंडी, नरेश मार्बल प्रधान नारनौंद, गुलशन बागोरिया प्रधान कुम्हार सभा हांसी, कर्नल ओम प्रकाश प्रबंधक, ओमप्रकाश बगला कोषाध्यक्ष, मामनराम मनेठिया संपादक दक्ष गौरव पत्रिका, रामनिवास वर्मा डायरेक्टर लक्ष्य पब्लिक स्कूल, पवन वर्मा डायरेक्टर आकाशवाणी केंद्र व राम सिंह फौजी महासचिव ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है।

### उद्घघोषित आरोपी गिरफ्तार

हांसी। पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने एक उद्घघोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव सोरखी व हाल राम सिंह कॉलोनी निवासी नरेश के रूप में हुई है।

---

## प्रश्नोत्तरी में दिल्ली पब्लिक स्कूल की टीम रही प्रथम

■ गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय विज्ञान उत्सव का दूसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



गुजवि में विज्ञान उत्सव में मॉडल प्रदर्शनी में जानकारी लेते स्कूली बच्चे।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय विज्ञान उत्सव में बुधवार को दूसरे दिन कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित गतिविधियां शामिल रही। हिसार तथा आस-पास के क्षेत्र से स्कूल तथा महाविद्यालयों के विद्यार्थी विज्ञान उत्सव में भाग लेने तथा देखने आ रहे हैं। पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ की प्रोफेसर एमेरिटस प्रो. सुमन बाला बेरी ने 'क्रिएशन ऑफ यूनिवर्स' विषय पर व्याख्यान दिया। स्कूली विद्यार्थियों के लिए हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 36 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। इस मौके पर शिक्षक भी मौजूद रहै।

**पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता के परिणामः** स्कूल स्तर की पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में ब्लूमिंग डेल्स स्कूल हिसार के रूद्र व भावना ने पहला, आईडी डीएवी स्कूल, हिसार की निशा व नेहा ने दूसरा तथा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उकलाना मंडी के अंशुल व प्रेमराज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय स्तर पर इस प्रतियोगिता में गुजवि के रसायन विभाग की मुस्कान व अंजलि ने पहला, ओडीएम महिला महाविद्यालय मुकलान की अन्नु और करिशमा ने दूसरा तथा फिशरी महाविद्यालय, सीसीएस हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की खुशी व कंचन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों का किया सम्मान

**मंडी आदमपुर।** राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर में एनएसएस इकाई की ओर से गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों के सम्मान में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा के निर्देशन में महावीर स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाली एनएसएस टुकड़ी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस परेड में प्लाटून कमांडर मनीषा के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवकों ने अनुशासन और जोश के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसे सभी गणमान्य व्यक्तियों ने सराहा। समारोह में प्राचार्य डॉ. कुलवीर सिंह अहलावत, वाइस प्रिंसिपल गजे सिंह, जगमोहन सिंह, विभागाध्यक्ष सुरेश पूनिया और एनसीसी ड्रिल इंस्ट्रक्टर संजय कुमार ने स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र, बेज और मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

